





**खबर संक्षेप**

### फंदा लगाने से प्रवासी युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक का शव बहादुरगढ़ में फंदे पर लटका हुआ पाया गया। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां छोटूराम नगर में रह रहा था। यहां मेहनत-मजदूरी करता था। जानकारी के अनुसार, वीरवार की रात को वह अपने कमरे में सो रहा था। आधी रात को उसका शव फंदे पर लटका देखा गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। परिजनों के बयान के बाद शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। आकाश द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है।

### एमआईई की कंपनी में लगी आग

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक कंपनी में आग लग गई। कर्मचारियों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किए। जब तक दमकलकर्मी मौके पर पहुंचते, आग पर नियंत्रण पाया जा चुका था। घटना प्लॉट नंबर 425 की है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह काम चल रहा था। इसी दौरान शार्ट सर्किट के चलते एक मशीन में आग लग गई और तेजी से फैलने लगी। आसपास मौजूद कर्मचारी तुरंत बाहर की तरफ भागे। इसके बाद कर्मचारियों ने सूझबूझ दिखाते हुए अग्निश्मन यंत्र से आग पर काबू पाया। दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। जब तक टीम मौके पर पहुंचती, आग बुझाई जा चुकी थी।

### पुलिस ने स्मैक सहित आरोपी को किया काबू

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा-2 ने स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान विजय के रूप में हुई है। न्यू पटेल नगर का रहने वाला है। निर्माणधीन उत्तरी बाईपास से नजदीक से उसे काबू किया गया और तलाशी के दौश्रान छह ग्राम स्मैक पाई गई। आरोपी के खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज किया गया है।

## बहादुरगढ़ में यातायात पुलिस ने रेलवे रोड, नाहरा-नाहरी रोड किया वन-वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ पुलिस कर्मी इस व्यवस्था का पालन करने में दिनभर लगे रहे

यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने के मकसद से यातायात पुलिस की ओर से रेलवे रोड और नाहरा-नाहरी रोड को वन-वे कर दिया गया है। इस व्यवस्था के अनुसार, रेलवे रोड से रोहतक-दिल्ली की तरफ वाहन केवल आ सकते हैं। यदि किसी को रेलवे स्टेशन, अनाज मंडी आदि की तरफ जाना है तो नाहरा-नाहरी रोड का रास्ता अपनाना होगा। इस रोड से एंट्री के बाद नाला रोड के साथ-साथ रेलवे रोड पर प्रवेश किया जा सकता है। इसी तरह वहां नाला चौक पर नाहरा-नाहरी रोड के लिए भी बेरिकेड्स लगाए गए हैं। वन-वे किए जाने के बाद रेलवे रोड पर अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़भाड़ कम नजर आई। पुलिस कर्मी इस व्यवस्था का पालन करने में दिनभर लगे रहे। वहीं, अपना काम प्रभावित होता देख कुछ दुकानदारों ने सवाल भी खड़े किए।

रेलवे रोड पर अक्सर यातायात व्यवस्था बाधित रहती है। दुकानदारों के अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के कारण रेलवे रोड पर अक्सर अव्यवस्था हावी रहती है। मार्ग की चौड़ाई सिकुड़ जाने के कारण जाम की स्थिति गहराई रहती है। हालात ये हो जाते हैं कि पैदल राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानी हो जाती है। त्योहारी सीजन में स्थिति गंभीर हो जाती है। अक्सर पुलिस और नगर परिषद द्वारा इस दिशा में कार्रवाई की जाती है लेकिन कुछ समय बाद फिर से वही हालात बन जाते हैं। इन हालातों से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने रेलवे रोड को वन-वे करने का कदम उठाया है। शुक्रवार को दिनभर पुलिस इस व्यवस्था का पालन करने में लगी रही। दोपहिया वाहनों को भी रोका गया। इस दौरान कई बार लोग पुलिस से उलझते नजर आए। पुलिस ने लोगों से व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। वहीं पुलिस अधिकारियों ने भी व्यवस्था का जायजा लिया। इस व्यवस्था पर कुछ दुकानदारों ने सवाल खड़े किए और कहा कि इससे उनका काम प्रभावित हो रहा है। वहीं, कुछ लोगों ने ये भी कहा कि रेलवे रोड पर दुकानदारों के अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के कारण हालात बिगड़ते हैं। यदि अतिक्रमण और अवैध पार्किंग न हो तो यातायात सुचारू रहे। पुलिस और नगर परिषद को अतिक्रमण से सख्ती से निपटना चाहिए तथा वाहनों को गलत तरीके से खड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लोगों की सुविधा को देखते हुए वन-वे व्यवस्था में कम से कम दोपहिया वाहनों को छूट दे देनी चाहिए।





बहादुरगढ़। वाहन चालकों को रेलवे रोड की ओर जाने से रोकती पुलिस व रेलवे रोड की एंट्री पर पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधक। फोटो : हरिभूमि

### प्रयोग के तौर पर यह कदम उठाया

यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए रेलवे रोड को वन-वे किया गया है। फिलहाल प्रयोग के तौर पर कुछ दिनों के लिए यह कदम उठाया गया है। देखते हैं, लोगों का कैसा फीडबैक मिलता है। यदि व्यवस्था कारगर सिद्ध होती है तो आगे भी जारी रहेगी, अन्यथा जो भी बदलाव संभव होंगे, वे किए जाएंगे।

- विकास कुमार, एसएचओ, ट्रैफिक थाना, बहादुरगढ़

## बारातियों की मिनी बस पलटने से कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ राहगीरों ने घायलों की मदद की

मुकुंदपुर मोड़ पर बारातियों से भरी एक मिनी बस पलट गई। इस दुर्घटना में बस में सवार कई लोग चोटिल हो गए। तीन लोगों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां से एक घायल को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। अनियंत्रित होकर बस पलटने की बात सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के पंजाबखोड़ से बारातियों से भरी एक मिनी बस मुनीमपुर के लिए चली थी। देर रात को मुकुंदपुर मोड़ के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने घायलों की मदद की। इनमें से कई लोग चोटिल हुए। किसी को हल्की तो किसी को अधिक चोट थी। उन्हें अस्पताल में ले जाया गया। तीन घायलों को बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल में लाया गया। इनकी पहचान जयपाल, जयभगवान किलोई तथा हरकिशन शाहपुर दिल्ली के रूप में हुई। जयभगवान को अधिक चोट थी। उसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।



**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में घायल जयभगवान।

### 100 किलोमीटर दूर मिला शव

**बहादुरगढ़।** पानीपत से गुजर रही माइनर में डूबे युवक का शव छह दिन बाद करीब 100 किलोमीटर दूर बहादुरगढ़ इलाके में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक की पहचान करीब 25 वर्षीय वसीक के रूप में हुई है। पानीपत के जगदीश नगर का रहने वाला था। गत 12 अप्रैल को वहां माइनर में नहाने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। तब परिजनों ने पुलिस से उसकी तलाश की गुहार लगाई थी। पुलिस और परिजन अपने स्तर पर वसीक को तलाशते रहे लेकिन नहीं मिला। छह दिन बाद यहां रोहद के पास से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक शव मिला। इस शव की शिनाख्त वसीक के रूप में हुई। शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है।

## शहर में चरमराई सफाई व्यवस्था, लगे कूड़े के ढेर, दुर्गंध से वातावरण हो रहा प्रदूषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ कूड़े के ढेरों के आसपास बेसहारा गोवंशों व अन्य जानवरों का लगा रहता जमावड़ा

नगर परिषद की अनदेखी के कारण शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर लगे कूड़े के ढेरों से उठ रही दुर्गंध के कारण लोगों को सांस लेना भी दूभर हो रहा है। हालांकि यह स्थिति पूरे शहर की है, लेकिन पुराना बर्फखाना रोड स्थित शिव चौक, बीकानेर चौक, सीताराम गेट, माता गेट क्षेत्र में हालत ज्यादा खराब है। इन कूड़े के ढेरों के आसपास बेसहारा गौवंशों व अन्य जानवरों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसके कारण दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। प्रतिदिन संबंधित इकाई और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की गाड़ियां भी यहां से गुजरती है। लेकिन इन कूड़े के ढेरों की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके कारण लोगों में रोष भी बना हुआ है।





### सीताराम गेट क्षेत्र

शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूर्णतया फेल है। यहां कूड़े के ढेर लगे रहते है। यह स्थान निजी स्कूल बसों का स्टोपेज भी है और काफी संख्या में बच्चे यहां से बसों में बैठते है। लेकिन बच्चों को दुर्गंध के बीच खड़ा होना पड़ता है, वहीं बेसहारा गौवंशों के इन कूड़ों के ढेरों के पास जमावड़े के कारण भी परेशानी होती है।

### माता गेट क्षेत्र

माता गेट के पास भी दिनभर कूड़े के ढेर लगे रहते है। आसपास क्षेत्र के लोग इस संबंध में अपनी नाराजगी भी जता चुके है। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोग दूषित वातावरण में जीने को मजबूर है। वहीं सड़क किनारे कूड़े के ढेर लगे होने के कारण यातायात भी प्रभावित रहता है।

### शिव चौक

शहर के शिव चौक की हालत सबसे ज्यादा दयनीय है। इस चौराहे के पास कूड़े के ढेर लगे रहते है। लेकिन यहां की सफाई व्यवस्था राम भरोसे ही है। संबंधित इकाई की अनदेखी के कारण आसपास क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी हो रही है, वहीं कूड़ा फैल कर सड़कों पर भी आ रहा है। जिसके कारण वाहन चालकों को भी परेशानी होती है। इसके अलावा बीकानेर चौक की स्थिति भी खराब है। यहां दो राजकीय स्कूल भी है। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चे पढ़ने के लिए आते है। लेकिन दिनभर उठने वाली दुर्गंध से उन्हें भी काफी परेशानी होती है।









## रैली के चलते मंडी में दुकानें बंद रखने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी में रविवार 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री की रैली है। इस रैली के चलते फड़ विक्रेताओं को काम बंद रखने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मार्केट कमेटी की ओर से जारी आदेशों में ये हवाला दिया गया है कि फड़ विक्रेताओं के काम करने से मंडी में भीड़ होगी और सफाई व्यवस्था भी प्रभावित होगी, जिससे रैली के आयोजन में दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि बहादुरगढ़ की इस सब्जी मंडी में 210 रजिस्टर्ड फड़ विक्रेता हैं। इनके अलावा कई अन्य विक्रेता भी सब्जियां बेचते हैं और 200 से अधिक फलों की रेहड़ियां लगती हैं। मसाले व अन्य खाद्य पदार्थ बेचने वालों की भी तादाद अधिक है। आदेशों के मुताबिक, शनिवार दोपहर दो बजे से लेकर रविवार की दोपहर चार बजे तक फुटकर बिक्री पर रोक लगाई गई है। कुछ विक्रेताओं का कहना है कि मंडी में रोजाना करोड़ों का व्यापार होता है। आदेशों के हिसाब से तो शनिवार की शाम और रविवार की सुबह हम काम नहीं कर पाएंगे। यदि रैली रविवार की दोपहर चार बजे के बाद तक चलती है तो शाम को भी हम काम नहीं कर सकेंगे। काफी नुकसान हो जाएगा।

## सीएम फ्लाइंग ने किया दमकल केंद्र का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ नोटिस देकर कार्रवाई न करके लापरवाही बरती गई

फैक्ट्रियों, ढाबों में खामियां पाए जाने पर नोटिस देने के बाद आगे की कार्रवाई नहीं होने का संज्ञान अब सरकार भी ले रही है। दमकल विभाग कार्यालय में सीएम फ्लाइंग ने इस सिलसिले में औचक निरीक्षण किया। इस संबंध में कार्रवाई के लिए सीएम फ्लाइंग द्वारा उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है।

दरअसल, सीएम फ्लाइंग को अग्निश्मन विभाग में अनियमतता की सूचना मिल रही थी। इसी सिलसिले में एसआई सहदेव की अगुवाई वाली सीएम फ्लाइंग की टीम ने शुक्रवार को एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-17 स्थित दमकल केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान फायर स्टेशन का रिकार्ड जांचा गया। जांच के दौरान सामने आया कि फायर एनओएसी, रिन्युअल आदि के यहां 1212 आवेदन आए, जिनमें से 835 को फायर एनओसी जारी कर दी गई। जबकि 377 आवेदन कागजात पूरे न होने के कारण रद कर दिए गए। वहीं, हाइवे पर बने दस ढाबों को चेक करने के बाद फायर एनओसी लेने के संबंध में नोटिस दिए गए। मालिकों ने नोटिस का जवाब नहीं दिया तो विभागीय अधिकारियों ने अपने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी लेकिन महानिदेशक कार्यालय से ढाबों को बंद करने संबंधित कोई आदेश अभी तक जारी नहीं होने की बात कही गई। इसी तरह बैंक्वेट हॉल, मैरिज पैलेस, होटल, मोटेल्स, ढाबे की चेकिंग के बाद 12 दिसंबर 2022 को नोटिस संबंधित रिपोर्ट भेजी गई थी। इस दिशा में भी कार्रवाई के आदेश स्थानीय कार्यालय को प्राप्त नहीं हुए।



**बहादुरगढ़।** दमकल विभाग कार्यालय में पहुंची टीम।

### उच्चाधिकारियों को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी

वहीं सीएम फ्लाइंग के साथ औद्योगिक क्षेत्र में बिना फायर एनओसी चल रही 9 फैक्ट्रियों को 2022 में नोटिस दिए गए। यह मामला भी अभी ठंडा पड़ा है। वर्ष 2023 में सीएम फ्लाइंग ने बिना फायर एनओसी के चल रही पांच फैक्ट्रियों को नोटिस दिए थे। इस दिशा में अभी तक उच्चाधिकायिरों को पत्राचार के माध्यम से अवगत नहीं कराया गया है। सीएम फ्लाइंग के अधिकारियों के मुताबिक, फैक्ट्रियों, होटल-ढाबो, मैरिज पैलेस आदि में नोटिस देकर कार्रवाई न करके लापरवाही बरती गई है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## लूटपाट मामले में वांटेड आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

पुलिस की एक टीम द्वारा लूटपाट के मामले में वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी सदानंद ने बताया कि जगबीर निवासी फरमाना जिला रोहतक की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए सीआईए झज्जर व थाना शहर की संयुक्त टीमों ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हारुन निवासी बड़वा रोजका मेव जिला नूह के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



**झज्जर।** पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ। फोटो : हरिभूमि

**चैम्पियंस एक्वेटिक एकेडमी में आयोजित कार्यशाला में तैराकी कोचों को भी दिए बेहतर कोचिंग के टिप्स**

## अमेरिकी कोच ने दिया तैराकों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अमेरिकी तैराकी कोच क्रिस मार्टिन शहर की एचएल सिटी स्थित चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में तैराकों को प्रशिक्षण देने के लिए पहुंचे। क्रिस मार्टिन ने तैराकों के साथ अलग-अलग जिलों से आए तैराकी कोचों को भी प्रशिक्षण दिया। तैराकी कोचों को नई तकनीक समझाने के साथ ही बेहतर तैराक बनाने के तरीके बताए। तैराकी की अन्य बारीकियां भी समझाई।

भारत को तैराकी में पहला ओलम्पिक गोल्ड मेडल दिलवाने के मकसद से स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने क्रिस मार्टिन को नेशनल प्रोग्राम डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। अपने 30 साल के कार्यकाल के दौरान क्रिस मार्टिन ने ओलंपिक मेडलिस्ट तैराकों को भी प्रशिक्षण दिया है। भारतीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने बताया कि क्रिस मार्टिन अमेरिका, यूके, चीन और मलेशिया के तैराकों को प्रशिक्षण दे चुके हैं। भारतीय तैराकों की क्षमता के साथ दक्षता बढ़ाने के मकसद से चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में चार दिन की एक वर्कशॉप भी आयोजित की गई है।



बहादुरगढ़। तैराकों को टिप्स देते अमेरिकी तैराकी कोच क्रिस मार्टिन।

### तैराक की शैली में बेहतर बदलाव के बारे में बताया

क्रिस ने सुबह और शाम के सेशन में तैराकों को भी ट्रेन किया। उन्होंने ब्रैस्ट स्ट्रॉक, फ्री स्टाईल, बैक और बटरफ्लाई के स्ट्रोक को लेकर हाथों और पैरों की पोजिशिनिंग और सांस लेने के अभ्यास को परखाने के बाद अपने टिप्स दिए। उन्होंने कोचों को विस्तृत जानकारी दी। नई तकनीक और पुरानी तकनीक के सामंजस्य और तैराक की शैली में बेहतर बदलाव के बारे में बताया।

## राजनेताओं के श्रेय लेने पर एक्टिविस्ट ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ सतपाल हाड़ा के अनुसार राजनेता विकास के नाम पर झूठा श्रेय लेने के लिए केवल जनता को गुमराह करते रहे

गेटवे ऑफ हरियाणा कहे जाने वाले बहादुरगढ़ में मेट्रो के आने का श्रेय लेने के लिए कांग्रेस से लेकर भाजपा में लंबे समय तक होड़ मची रही थी। इसे लेकर समय-समय पर आरटीआई लगाकर जानकारी जुटाने वाले एक्टिविस्ट सतपाल हाड़ा के अनुसार राजनेता विकास के नाम पर झूठा श्रेय लेने के लिए केवल जनता को गुमराह करते रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि आरटीआई में प्राप्त ताजा जानकारी के अनुसार अभी मेट्रो के विस्तार या आरआरटीएस का भी कोई अता-पता नहीं है।

बता दें कि तत्कालीन केंद्रीय शहरी विकास मंत्री कमलनाथ ने 2 फरवरी 2013 को मुंडका से बहादुरगढ़ तक विस्तार के प्रोजेक्ट की आधारशिला रखी थी। हालांकि इसका काम नवंबर-2013 में जाकर शुरू हुआ। करीब पांच साल तक कभी यह काम तेज रफ्तार से चला तो कभी कछुए की चाल चलता रहा। निर्माण में जुटी स्पेनिश कंपनी कोरसन कोरवियम और भारतीय कंपनी सदभाव ग्रुप के बीच विवाद हो गया था।

मेट्रो यार्ड कॉरिडोर के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर भी निर्माण में अवरोध पैदा हुआ। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 जून 2018 को इसका विधिवत उद्घाटन किया और मेट्रो ने बहादुरगढ़ में दस्तक दी। इस रूट की कुल लंबाई 11.182 किलोमीटर है, दिल्ली में 6.307 किलोमीटर व हरियाणा में 4.875 किलोमीटर। दिल्ली में मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया, घेवरा, टीकरी कलां, टीकरी बार्डर व हरियाणा में मॉडर्न इंडस्ट्रीयल इस्टेट, बस स्टैंड और सिटी पार्क समेत कुल सात स्टेशन बनाए गए।

### आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी थी



मेट्रो के ग्रीन कॉरिडोर के बहादुरगढ़ तक विस्तार को लेकर एक्टिविस्ट सतपाल हाड़ा ने 19 नवंबर 2014, 20 अक्टूबर 2016 और 28 फरवरी 2018 को आरटीआई के माध्यम से जानकारी मांगी। इस दौरान सूचना मिली कि 2011 में दिल्ली-बहादुरगढ़ के बीच 92848 यात्रियों के मेट्रो से यात्रा करने का अनुमान लगाया गया था। इसके लिए कुल अनुमानित लागत 1991 करोड़ आंकी गई थी। इसके लिए 1079 करोड़ रुपए शुरूआत में अलॉट हुए। दिल्ली बहादुरगढ़ मेट्रो प्रोजेक्ट सितंबर-2016 तक पूरा होना था, परंतु तत्कालीन सरकार द्वारा जमीन व फंड नहीं उपलब्ध करवाने के कारण मेट्रो को बहादुरगढ़ आने में 2 साल की देरी हुई। सतपाल हाड़ा ने मेट्रो के बहादुरगढ़ से आगे विस्तार और आरआरटीएस को लेकर भी 28 फरवरी 2018 तथा 6 मार्च 2024 को आरटीआई लगाई। डीएमआरसी ने 2018 में दिए जवाब में बाइपास तक मेट्रो विस्तार की योजना से इंकार किया था। जबकि एक अप्रैल 2024 को दी जानकारी में हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने बताया कि आसौदा तक राइडरशिप सर्वे राइट्स कंपनी द्वारा करवाया गया है। हालांकि रोहतक व सांपला तक मेट्रो विस्तार के लिए फिलहाल कोई फंड जारी नही किया गया है। इसके लिए किसी जनप्रतिनिधि द्वारा लिखित में की गई मांग की जानकारी निगम के पास नहीं है।



बर्फीले तेंदुए अन्य शेरों व तेंदुओं की तरह गुर्रा नहीं सकते।



घोड़े 17 तरीके से अपना चेहरा हिला या बना सकते हैं जोकि मनुष्यों से सिर्फ 10 ही कम है।



# ग्राफिक डिजाइनर एक प्रचलित करियर ऑप्शन



नालेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## कौन होता है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## जरुरी योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ग्राफिक डिजाइनर कैसे बनें

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं:

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

### इससे रोचक और शानदार काम कोई और नहीं

# खूबसूरत नजारों को कैद करने के शौकीन हैं तो फोटोग्राफी में बना सकते हैं करियर



जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

हर आज के समय में लोगों के लिए अपने सही करियर का चयन करना मुश्किल हो जाता है। व्यक्ति 12वीं कक्षा पास करने के बाद विचलित हो जाता है कि उसे कौन से रास्ते का चयन करते हुए किस लक्ष्य पर पहुंच रहा है। इसके बारे में जानकारी नहीं होती है फोटोग्राफी आज के समय का और भविष्य के लिए एक उभरता हुआ करियर ऑप्शन माना जाता है। तस्वीर के माध्यम से अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करना बेहद रोचक होता है और ऐसे में हर व्यक्ति अपने खूबसूरत लम्हों को कैद करने के लिए फोटोग्राफी और फोटोग्राफर की मदद लेते हैं। ऐसे में आप फोटोग्राफर बन कर अपनी सेवा लोगों को दे सकते हैं और बेहतर पैसा कमा सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको फोटोग्राफर कैसे बने, इसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे।



## कौन होता है फोटोग्राफर

फोटोग्राफर एक काम है, जिसे प्रोफेशन के नाम से भी पहचानते हैं। ऐसा एक्स पार्ट 2 किसी भी विशेष अवसर पर तस्वीर खींचता है,उसे फोटोग्राफर कहते हैं। फोटोग्राफर एक प्रोफेशन के तौर पर बहुत ही ज्यादा लोकप्रिय क्षेत्र माना जाता है। जो उम्मीदवार शुरुआत से ही फोटो को पसंद करते हैं या फोटोग्राफी को पसंद करते हैं तो उन लोगों के लिए यह क्षेत्र जिसमें उम्मीदवार अपना करियर बना सकते हैं। फोटोग्राफी से संबंधित कोर्स करके और कैमरा उपकरणों के बारे में जानकारी हासिल करके व्यक्ति अपने करियर को समा सकता है। क्योंकि फोटोग्राफी के विकल्प दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। भविष्य के लिए भी फोटोग्राफर बनना एक बेहतरीन साबित हो सकता है।

**करियर स्कोप :** जब कोई भी व्यक्ति पढ़ाई करते हुए फोटोग्राफर की उपाधि हासिल कर लेता है। यानी कि डिप्लोमा और डिग्री पूरी करके फोटोग्राफर बन जाता है तो उसके पश्चात उम्मीदवार को कैरियर में जॉब के तौर पर कौन से क्षेत्र में नौकरी मिल जाती है। इसके बारे में सूची नीचे प्रदान कराई गई है।
*फिल्म प्रोडक्शन हाउस, एडवरटाइजिंग एजेंसीज, इंडस्ट्रीयल एंड मीडिया इंस्टीट्यूट, प्रोफेशनल फोटो स्टूडियो, एनजीओ, स्पोर्ट्स, टीवी एंड न्यूज चैनल, न्यूज पेपर एंड मैगजीन, फैशन शो एंड बुटिक्स, इवेंट आग्रेनाइजेशन।*

## सेवा के साथ-साथ बेहतर कमाई



## फोटोग्राफर बनने के लिए जरूरी योग्यता और स्किल

- *उम्मीदवार के पास फोटो खींचने का एक अद्भुत टैलेंट होना चाहिए उम्मीदवार की नजर एकदम सटीक होनी चाहिए कि किसी भी विशेष मूवमेंट को आसानी से वह कैप्चर कर सकें।*
- *उम्मीदवार के पास एक टेक्निकल स्किल होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है। जिसके माध्यम से वह अपने कैमरा और फोटो इसको स्टूडियो को बेहतर तरीके से मैनेज कर सके उम्मीदवार के पास सॉफ्टवेयर प्रोग्राम की नॉलेज होना भी बहुत ही ज्यादा जरूरी है।*
- *उम्मीदवार को फोटोग्राफी कला मैं अपने लेवल को बढ़ाने के लिए काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि यहां पर अपने ग्राहक को खुश करना और यूनिक तरीके से फोटोग्राफर के तौर पर जिम्मेदारी निभाना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। आपके पास अनुभव की क्रिएटिविटी होना बहुत जरूरी है।*
- *कम्युनिकेशन स्किल्स हर बिजनेस और और कैरियर के क्षेत्र में बहुत जरूरी होती है। कम्युनिकेशन स्किल्स के माध्यम से ही आप अपने ग्राहक के साथ बेहतर तरीके से बात कर सकते हैं और हर प्रॉब्लम का सलूशन ढूंढ सकते हैं।*
- *फोटोग्राफर के लिए जरूरी डिप्लोमा करने के लिए आपके पास 12वीं कक्षा का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। 12वीं कक्षा सर्टिफिकेट नहीं है। तब भी आप प्रैक्टिस कर के फोटोग्राफर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं।*
- *भारत के बाहर की यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेने के लिए आपको एक एंट्रेंस एग्जाम में शामिल होना होता है और उसके पश्चात कि आपको वहां पर उस एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से चयनित किया जाता है।*
- *विश्व की अन्य यूनिवर्सिटी में शामिल होने के लिए भी आपको कार्य अनुभव आना जरूरी है।*

## सैलरी

फोटोग्राफर की कोई भी फिक्स सैलरी नहीं होती है। आपको अपने टैलेंट के आधार पर यहां पैसा कमाना होता है। फोटोग्राफर की अनुमानित सैलरी की बात करें,तो सालाना फोटोग्राफर 5,00,000 से 10,00,000 रुपये आराम से कमा सकता है और अपने टैलेंट और अनुभव के दम पर उम्मीदवार इससे अधिक पैसा भी कमा सकते हैं।

## इस प्रक्रिया का पालन करें

- फोटोग्राफर बनने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को 12वीं कक्षा पास करने के बाद फोटोग्राफी के लिए जरूरी डिप्लोमा लेना होगा।
- डिप्लोमा लेने के लिए विद्यार्थी को सबसे पहले कॉलेज में एडमिशन के लिए आवेदन करना है।
- कॉलेज से पहले उम्मीदवार को कई प्रकार के एंट्रेंस एग्जाम जैसे कि एसओपी, एलओआर, आइलेट, टोफेल, सैट इनमें से किसी भी एक एंट्रेंस एग्जाम में एग्जाम देना होगा और उसके पश्चात आपको कॉलेज मिलता है।
- कॉलेज मिलने के बाद उम्मीदवार को किसी डिप्लोमा का चयन करते हुए उस डिप्लोमा में अच्छे से पढ़ाई करके आपको डिप्लोमा का सर्टिफिकेट हासिल करना है।
- फोटोग्राफी के लिए डिप्लोमा 3 महीने से लेकर 12 महीने की अवधि तक उपलब्ध करवाए जाते हैं।
- इस अवधि के दौरान आप पढ़ाई करके डिप्लोमा की डिग्री हासिल कर सकते हैं।
- डिप्लोमा की डिग्री लेने के बाद आपको प्रैक्टिस पर मुख्य रुप से ध्यान देना होगा। क्योंकि प्रैक्टिस ही इंसान के अनुभव को बढ़ाती है। प्रैक्टिस के बिना आप अधूरे हैं।
- जब आप की प्रैक्टिस अच्छे तरीके की हो जाती है तो उसके पश्चात आप अपने टैलेंट को दुनिया के सामने ला सकते हैं और अब भविष्य में अपने करियर को सक्सेस करने के लिए आपको कई प्रकार के पोर्टफोलियो या फिर सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए अपने टैलेंट और स्किल्स को दुनिया के सामने पेश करना होगा।
- आपके काम को देख कर अधिक से अधिक लोग आप से संपर्क कर सकें और आपकी पहचान बढ़ सके। फोटोग्राफी का काम पहचान पर ही निर्भर होता है।
- फोटोग्राफी के काम में पहचान ही आपको ज्यादा काम दिलाने में मदद करती है।

## डिप्लोमा या डिग्री जरूरी

ऐसे तो बस 15 दिन की ट्रेनिंग के बाद भी उम्मीदवार फोटो खींचने में माहिर हो सकता है। फोटो खींचना इतना मुश्किल काम नहीं है। लेकिन एक प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए आपके पास डिप्लोमा और डिग्री होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। प्रोफेशनल फोटोग्राफर बनने के लिए विश्व भर में बहुत सारे ऐसे कॉलेज मौजूद है। जो अलग-अलग प्रकार के डिप्लोमा उपलब्ध करवा रहे हैं। फोटोग्राफी के लिए लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स की जानकारी आप ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं।

**भारत में टॉप कॉलेज :** ऐसे तो भारत में जनसंख्या के आधार पर बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है। लेकिन भारत के टॉप कॉलेज की बात की जाए तो फोटोग्राफी के लिए भारत के टॉप कॉलेज की सूची नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है। दिल्ली कॉलेज ऑफ फ़ोटोग्राफ़ी (नई दिल्ली), द लाइट एंड लाइफ एकेडमी (ऊटी), कॉलेज ऑफ़ आर्ट यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली (नई दिल्ली), मास कम्युनिकेशन रिसर्च सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया (नई दिल्ली), एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन (नोएडा), आईआईपी अकादमी, दिल्ली, केएस अकादमी ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़िक आर्ट्स, तमिलनाडु, विजुअल आर्ट्स फैकल्टी बीएचयू।

# जीवन में सफलता पाने के लिए शिक्षा के साथ–साथ कौशल भी जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

शिक्षा और कौशल, दोनों ही मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आधुनिक युग में, शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है जो व्यक्ति को समझदार बनाता है, सामाजिक और आर्थिक विकास में मदद करता है, और समाज में साझा ज्ञान को बढ़ावा देता है। हालांकि, कौशल भी उतना ही महत्वपूर्ण है। कौशलों के बिना, शिक्षा की कोई महत्व नहीं होती। कौशल व्यक्ति को वास्तविक जीवन में समस्याओं का सामना करने की क्षमता प्रदान करते हैं, और उन्हें अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। शिक्षा के बिना भी कौशल से सफलता प्राप्त की जा सकती है, लेकिन कौशल बिना शिक्षा की अधिक विश्वसनीयता होती है।

## हमारी शिक्षा प्रणाली थ्योरी आधारित

एक व्यक्ति जो कुशल हो, वह अपनी शिक्षा के स्तर से ऊपर उठ सकता है और अपने क्षेत्र में मान्यता प्राप्त कर सकता है। इसलिए, समाज को अपने शैक्षिक अनुभवों के साथ-साथ कौशलों को भी प्रोत्साहित करना चाहिए। शिक्षा और कौशल, दोनों का संबंध होना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने पूरे पोटेंशियल को प्राप्त कर सके और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। आज की तारीख में, शिक्षा का महत्व और आवश्यकता स्वभाविक रूप से स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह उतना ही महत्वपूर्ण है कि छात्रों को अच्छी नौकरी मिलने में सहायक नहीं हो पा रहा है। इस समस्या का मुख्य कारण है कि हमारी शिक्षा प्रणाली अधिकतर थ्योरी पर आधारित है, जिससे छात्रों के पास अच्छे कौशल नहीं होते। वर्तमान में, बड़ी संख्या में छात्र शिक्षा के लिए अधिक प्राथमिकता देते हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कौशलों की भी जरूरत होती है। रोजगार के आधारित मॉडल में, छात्रों को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने की जरूरत नहीं होती, बल्कि उन्हें अपने कौशलों को भी विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। कई बार, छात्रों को अच्छे शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद अच्छी नौकरी नहीं मिलती, क्योंकि उनके पास उच्च कौशल नहीं होते। यह शिक्षा प्रणाली की एक दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, जिसमें छात्रों को नौकरी के लिए तैयार नहीं किया जाता है, बल्कि सिर्फ उन्हें पाठ्यक्रम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस समस्या का समाधान करने के लिए, हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को प्रैक्टिकल और कौशल अनुकूल बनाने की आवश्यकता है। छात्रों को शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ-साथ कौशलों का भी ध्यान देना चाहिए, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक प्रतिष्ठित बन सकें। इसके लिए, सरकार, शैक्षिक संस्थानों, और उद्यमियों के बीच सहयोग और समन्वय की जरूरत है। रोजगार के आधारित मॉडल में छात्रों को कौशलों का विकास करने के लिए शिक्षा प्रणाली को सुधारने की जरूरत है। यह न केवल उनके भविष्य के लिए बल्कि उनके देश के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। छात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनानछात्रों को न केवल शिक्षा में बल्कि उनके कौशलों में भी समर्थ बनाने का माध्यम बनाने के लिए, हमें शैक्षिक पाठ्यक्रम को प्रैक्टिकल और कौशलिक बनाने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। यहाँ शिक्षा प्रणाली को अद्यतन करने के लिए विभिन्न उपाय हो सकते हैं, जैसे कि औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, कौशल विकास कक्षाएं, और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में विशेषाधिकार देना। साथ ही, छात्रों को अधिक व्यावसायिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर भी देना चाहिए, जैसे कि इंटर्नशिप और उद्यमिता के कार्यक्रम।

## नई शिक्षा नीति दे रही उद्यमिता को बढ़ावा

इसके अलावा, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को संबंधित उद्योगों के साथ सहयोग करने का अवसर देना चाहिए ताकि छात्रों को अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। इस प्रकार, हम छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा प्रदान करेंगे, बल्कि उन्हें अपने कौशलों का विकास करने में भी सहायता प्रदान करेंगे, जिससे वे समृद्ध और सफल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को कैसे महत्वपूर्ण मानती है, इसे परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह नीति न केवल शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन और सुधार की दिशा में कदम बढ़ाती है, बल्कि उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रस्तावों को समेटती है। उद्यमिता न केवल रोजगार सृजन का माध्यम है, बल्कि समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। पहले तो, नीति ने विद्यार्थियों को उद्यमिता की ओर प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रोग्राम और कोर्सों को शामिल किया है। इससे छात्रों को व्यावसायिक दक्षता और कौशल प्राप्त करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अपने विचारों को व्यावसायिक धाराओं में परिणत कर सकते हैं। दूसरे, राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने उद्यमिता को समर्थ बनाने के लिए कैरिक्युलम को भी अद्यतन किया है। नये कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों के माध्यम से, विद्यार्थी अपने अनुप्रयोगात्मक कौशलों को विकसित करते हैं, जो उन्हें अपने व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। तीसरे, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने संस्थानों को उद्यमिता और नई विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सहायक कार्यक्रम और अनुसंधान के लिए साधनों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया है। इससे संस्थानों को छात्रों को उद्यमिता के क्षेत्र में नई और नवाचारी विचारों को विकसित करने का अवसर मिलता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टान्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप

### कोचिंग सेंटर के बाहर दसवीं के छात्र की पिटाई

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा थाना क्षेत्र में एक कोचिंग सेंटर के बाहर हुए झगड़े में 16 वर्षीय लड़के की बुरी तरह से पिटाई की गई है, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में सात से आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। हालांकि, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शिकायतकर्ता दसवीं कक्षा का छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि 15 अप्रैल को शाम पांच बजे के करीब जब वह अपने कोचिंग सेंटर के बाहर था तो कुछ लोगों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया था।

### भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ मनाएगा हिंदू नववर्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा 21 अप्रैल को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में हिंदू नववर्ष उत्सव मनाया जा रहा है जिसकी तैयारियों को लेकर भाजपा के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर एवं मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक करनैल सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दिल्ली ही नहीं बल्कि देशभर में अगर लोग अंग्रेजी का नया साल, क्रिसमस डे इत्यादी मनाते हैं तो लोगों को हिंदू नववर्ष को मनाना चाहिए और इसी को लेकर दिल्ली भाजपा हर साल हिंदू नववर्ष का कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने वार्ड नं. 5 में अपने मकान के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नवीन अपने घर के पास शराब और बीयर बेच रहा था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने उसे मौके पर ही काबू करते हुए उसके कब्जे से 30 बोतल बीयर, 3 अध्धे व 8 पव्वे शराब बरामद की। उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कोर्ट की पार्किंग से वकील की बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** कोर्ट की पार्किंग से चोर एक वकील की बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में वकील नंगली गोधा निवासी महाबीर ने बताया कि घर से आने के बाद उसने अपनी बाइक कोर्ट की पार्किंग में खड़ी की थी। शाम को घर जाते समय उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद बाइक की तलाश शुरू कर दी।

### नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज

**रेवाड़ी।** गुमीना गांव से करीब 13 साल के बच्चे के लापता होने के बाद रामपुरा पुलिस ने उसके अपहरण का केस दर्ज किया है। गांव के संजय ने बताया कि उसके साले का लड़का पढ़ने के लिए उसके पास आया हुआ था। वह 17 अप्रैल को घर से बाहर घूमने के लिए निकला था। इसके बाद घर नहीं आया। काफी तलाश करने के बाद उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर अपहरण का केस दर्ज करने के बाद बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

### राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा कल कोसली में

**कोसली।** राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान 21 अप्रैल को अंबेडकर जयंती समारोह में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक कांग्रेस अनुसूचित पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकारी प्रदेश चेयरमैन डा. महेश कुमार व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता ओमप्रकाश डाबला ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### डीएवी कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. कोसली

कोसली स्थित डीएवी महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को जूनियर छात्राओं की ओर से सीनियर छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. जयसिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। उन्होंने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने तृतीय वर्ष की छात्राओं के सम्मान में विदाई नाटक प्रस्तुत किया।

---

कार्यशाला का उद्देश्य हर बच्चे को बुनियादी शिक्षा मुहैया कराना रहा

# चार दिवसीय कार्यशाला शुरू, 120 शिक्षकों को किया जाएगा प्रशिक्षित

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राथमिक शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। कार्यशाला के दौरान मौजूद प्राथमिक शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षकों के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के दौरान नए सत्र की शुरूआत में पहली कार्यशाला को जोश व जुनून के साथ पूरा करने तथा बुनियादी साक्षरता के आधारभूत उद्देश्य के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए डाइट प्राचार्य बीपी राणा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल, प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़, जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया व संपर्क फाउंडेशन से अमित ने शिरकत की। शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बुनियादी साक्षरता का उद्देश्य है कि हर बच्चा समझ के साथ पढ़ना व लिखना सीखे। उसके लिए शिक्षक पिछड़ रहे बच्चों के लिए अलग से समय दें ताकि बच्चे की सीखने की गति को बढ़ाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यालय में आने वाले बच्चों के व्यवहार के साथ ही भाषा पर भी विशेष रूप से कार्य करें और ज्यादा से ज्यादा दाखिले विद्यालयों में करें ताकि कोई भी बच्चा आउट ऑफ स्कूल न रहे। जिला एफएलएन समन्वयक डॉक्टर सुदर्शन पूनिया ने कहा कि कक्षा पहली से तीसरी तक मिशन निपुण हरियाणा कार्यक्रम की सफलता व बच्चों के सीख स्तर में वृद्धि को देखते हुए यह कार्यक्रम अब कक्षा चौथी से पांचवीं में भी लागू किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसका सकारात्मक बदलाव जल्द ही सामने होगा। खंड शिक्षा अधिकारी रूपेंद्र नांदल ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम चरण की शुरूआत की गई है जिसमें 120 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। दूसरे चरण में संपन्न होने वाली इस कार्यशाला में प्रत्येक में तीन-तीन बैच बनाए गए हैं ताकि विद्यालय का काम व बच्चों की पढ़ाई निर्बाध रूप से चलती रहे।



झज्जर। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भागीदारी करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता आयोजित

- राजकीय महाविद्यालय दुजाना में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा पोस्टर में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा भाषण, पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉक्टर तराना नेगी ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को कानूनी साक्षरता के विभिन्न पहलुओं जैसे वोट का महत्व, लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका, शिक्षा का अधिकार व नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जागरुक किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल की भूमिका में उप प्राचार्य डॉक्टर नसीब सिंह, डॉक्टर संजय कुमार, डॉक्टर सीमा रानी, डॉक्टर निधि, डॉक्टर दीपा, डॉक्टर नरेंद्र दहिया, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर नवीन, डॉक्टर सिल्ली व डॉक्टर सुमित नरवाल शामिल रहे। कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर रवि प्रकाश ने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुमित ने पहला, अवंतिका ने दूसरा और प्रियांशी तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन में प्रियांशी पहले, साक्षी दूसरे एवं विनती तीसरे स्थान पर रही जबकि भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम, सीमा द्वितीय और अंशिका तृतीय रही।



झज्जर। रैली स्थल का जायजा लेते हुए रोहतक लोकसभा संयोजक राजीव जैन।

## विजय संकल्प रैली को सफल बनाने पर चर्चा

- बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी 26 अप्रैल को होने वाली विजय संकल्प रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक शुक्रवार को सैनी धर्मशाला स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में रोहतक लोकसभा संयोजक राजीव जैन ने मुख्य तौर पर शिरकत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस रैली को सफल बनाने के लिए वे लोगों से संपर्क करते हुए उन्हें रैली स्थल पर पहुंचने का निमंत्रण दें। उन्होंने कहा कि देश में तीसरी बार भाजपा की सरकार भारी बहुमत से बनेगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व का सिरमौर राष्ट्र बनेगा। इस दौरान उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा के साथ रैली स्थल का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी दिनेश शास्त्री, विधानसभा संयोजक कप्तान बिरधाना, डॉक्टर राकेश, नगर परिषद अध्यक्ष जिले सिंह सैनी, ग्रीवेंस कमेट सदस्य मनीष बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गोयल, पूर्व मंत्री कांता देवी, रामफल एडवोकेट, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश वाल्मीकि, मंडलाध्यक्ष केशव सिंघल, अनिल शर्मा, नगर परिषद के पूर्व वाइस चेयरमैन प्रवीण गर्ग, पार्षद किशोर सैनी, पार्षद नरेश बेडवाल, पार्षद प्रतिनिधि कमल सैनी, महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष सोमवती जाखड़, अतर सिंह यादव, हरिप्रकाश यादव, प्रमोद बंसल, सतबीर सिंह एडवोकेट, रामकुमार राजौरा, पंकज शर्मा एडवोकेट, नीरज भगतजी, विनीत पोपली, संदीप सैनी, जगदीश गेरा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

## चार सौ पार का नारा भाजपा की सबसे बड़ी भूल : दुष्यंत चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चरचा करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

लोकसभा चुनाव में चार सौ पार का नारा देना बीजेपी की बड़ी भूल है। वास्तविक स्थिति यह है कि शुक्रवार को राजस्थान में हुए पहले चरण के रुझान में बीजेपी एक दर्जन से भी अधिक सीटों पर बुरी तरह से हार रही है। यह बात पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से बैठक करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि चार सौ पार का नारा बीजेपी की बड़ी गफलत है। उन्होंने कांग्रेस पर भी तीखे प्रहार किए और कहा कि इतना समय बीत जाने के बावजूद कांग्रेस अपनी सीटों पर उम्मीदवार घोषित नहीं कर पा रही, यह सब कांग्रेस की अंर्तकलह का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह अंर्तकलह ही कांग्रेस को पतन की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने पूरी मजबूती के साथ मैदान में पांच उम्मीदवार उतार दिए है और शीघ्र ही बाकी पांच सीटों पर भी घोषित कर दिए जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि इस बार न केवल जेजेपी की बड़ी जीत होगी।

### पंचायती धर्मशाला में श्रीश्याम जागरण एवं भंडारा आज

**झज्जर।** जय बाबा लखदातार मित्र मंडल द्वारा सीताराम गेट स्थित पंचायती धर्मशाला में शनिवार को श्रीश्याम महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंडल के प्रधान मुकेश ने बताया कि एक शाम लखदातार के नाम शीर्षक से किया जाने वाला यह उनका चौथा श्याम महोत्सव है। उन्होंने बताया कि शाम करीब साढे.छह बजे जहां भंडारा शुरू होगा वहीं करीब साढे.सात बजे से श्रीश्याम जागरण की शुरूआत होगी। जागरण के दौरान रोहित कटारिया, हेमंत नंदा, अमित रेवाड़ी, नीलम दीदी वृंदावन, यनिक सैनी चंडीगढ़, भारत खुराना नारनौल आदि गायक कलाकार अपने मधुर भजनों द्वारा प्रभु श्रीश्याम बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंडल सदस्य धोलू सैनी ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए लक्की ड्रा भी निकाला जाएगा।

## समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे गरीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। बादली क्षेत्र में जनसंपर्क करते ओमप्रकाश धनखड़ व अरविंद शर्मा।

शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ व सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने बादली, माजरी, गुभाना, बुपनिया, गोयला कलां, खेडका गुज्जर, खुंगाई आदि सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में प्राचीन धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत रहे मंदिरों को जीर्णोद्धार कर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पटकथा लिखी है। मोदी-नायब सरकार की योजनाओं के जरिए गरीब परिवार समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे है। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है और प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुरूप जल्द ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। देश व प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार किया है। अब लाभार्थियों के खाते में सीधे सरकार की योजनाओं का पैसा पहुंच रहा है। उज्जवला व आयुष्मान भारत जैसी अनेक योजनाओं ने गरीब परिवारों का जीवन बदल डाला है। देश व प्रदेश का इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। सरकार की हर योजना का लाभ पात्र लोगों का परिवारों को घर बैठे मिल रहा है।

## डीएनडी पुलः डिवाइडर से टकराई कार, 2 की मौत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/नोएडा

एनसीआर में नोएडा जिले में थाना फेस- वन क्षेत्र के डीएनडी पुल पर शुक्रवार को तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने पर कार सवार एक युवती समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनमें से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

थाना फेस- वन के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि शुक्रवार तड़के थाना पुलिस को एक कार के डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस हादसे में सिद्धार्थ यादव (उम्र 25 वर्ष), रजत (उम्र 30 वर्ष), चिराग सिंघल (उम्र 26 वर्ष) तथा प्रांकाशिका (उम्र 25 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 27 में स्थित कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान सिद्धार्थ यादव और चिराग सिंघल ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि शेष दो घायलों में से एक की हालत अत्यंत नाजुक है। थाना प्रभारी के अनुसार, जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि कार तेज गति से आ रही थी तथा अनियंत्रित होकर डीएनडी पुल पर डिवाइडर से टकरा गई।

## शतप्रतिशत मतदान को लेकर दिव्यांग जनों ने चलाया जन जागरूकता रैली अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। रैली के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए दिव्यांग।

जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों झज्जर, बेरी, बहादुरगढ़ और बादली में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शहर में जिला रैडक्रास सोसायटी और समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग जनों ने जागरूकता रैली निकालकर आमजन से मताधिकार का प्रयोग करने का आहवान किया। यह जागरूकता रैली सवेरा स्कूल से शुरू होकर पुराना तहसील रोड के अलावा शहर के अन्य हिस्सों से होती हुई वापिस स्कूल परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान दिव्यांग जनों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगाए गए सेल्फी प्वाइंट से सेल्फी लेते मतदान का संकल्प लिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने कहा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जागरूकता रैली,साइकिल रैली,स्लोगन,निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शिक्षण संस्थानों में जागरूकता शिविर के साथ ही विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजन को वोट के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता घर से चुन सकेंगे वोटिंग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी



बेरी। रविंद्र मलिक,एआरओ बेरी।

- चुनाव में बीएलओ व सुपरवाइजर की बड़ी अहम भूमिका होती है : एसडीएम बेरी रविंद्र मलिक

लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व चुनाव आयोग द्वारा विभिन्न वर्गों में मतदाताओं के लिए शुरू की गई सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी सजगता के साथ कार्य करें। एआरओ व एसडीएम बेरी रविंद्र मलिक ने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव में बीएलओ व सुपरवाइजर की बड़ी अहम भूमिका होती है। ऐसे में उनके स्तर पर ड्यूटी के प्रति लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करें कि इन वर्गों की कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं।

**कवायद** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सजग हुआ प्रशासन

## डीसी ने बैठक में ब्लैक स्पाट पर साइनेज लगाने के दिए निर्देश

सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों के साथ डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह।

सड़क दुर्घटनाओं पर रोक को लेकर प्रशासन सजग एवं सतर्क है,साथ ही आमजन का सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होना जरूरी है। यह बात डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिले में सड़क हादसों को रोकने के लिए पुलिस अन्य संबंधित एजेंसियां कार्य कर रहीं हैं जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कमेटी के अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करते हुए ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करें। इसके अलावा ऐसे प्वाइंट्स चिन्हित करें जहां सड़क हादसे ज्यादा होते हैं, उन कारणों को दूर किया जाए। उन्होंने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मार्गों पर ऐसे ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाते हुए आमजन को भविष्य में सुरक्षित आवागमन सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए। वहीं डीसीपी शुभम सिंह ने यातायात पुलिस अधिकारियों को बिना हेलमेट राइड करने वालों पर सख्ती बरतने, स्कूल बसों में सुरक्षा उपकरण चैक करने, स्कूल वाहन चालकों का मेडिकल करने, अवैध एरिया में पार्किंग पर रोक लगाने, सिग्नल लाइट आदि रिपेयर के निर्देश दिए।



झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### भजनों के माध्यम से किया गुरु की महिमा का बखान

**झज्जर।** कोसली रोड स्थित श्रीश्री 1008 बाबा आंनददास आश्रम में शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर महंत अजय दास महाराज ने बताया कि श्रीआनंद दास महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सुबह करीब आठ बजे यज्ञ-हवन किया गया। इसके उपरांत आश्रम में स्थापित गुरुओं की प्रतिमाओं को भोग लगाया तथा भंडारे की शुरूआत साधु भोज व कन्या पूजन के साथ की गई। भंडारे में शहरवासियों के अलावा आस-पास के ग्रामीण श्रद्धालुओं ने भी पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व रात्रि दीपक व उमाशंकर वर्मा की संगीत पार्टी द्वारा अपने मधुर भजनों के माध्यम से गुरु की महिमा का गुणगान किया गया। इस दौरान श्याम गोठवाल व ओपी सैनी ने भी गुरु की महिमा का बखान करते हुए भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर सुदाम नागर, शक्ति, कल्लू, सतपाल, काले, मास्टर दलबीर, करण सिंह, अनिल, अजीत, बलजीत, अमित पंछी, रोशनी देवी, सीमा रानी सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

### घर बैठे डाउनलोड कर सकते हैं डिजिटल वोटर कार्ड

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्य ऑनलाइन किए गए हैं। आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। कोई भी वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप से कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं।

**NOTICE**

I, Bhadur Singh S/o Sh. Tara Chand R/o VPO. Bahu, Tehsil Matenhel, District Jhajjar, Haryana declare that my son Vishal and his wife Sarita are out of my control. So, I evict both of them from my movable and immovable properties. I and my family will not be responsible for their any act and conduct in future.

खबर संक्षेप

## कष्ट निवारण फोरम की बैठक 23 अप्रैल को

**झज्जर**। जिला मुख्यालय स्थित बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में मंगलवार 23 अप्रैल को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) की बैठक उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन सीजीआरएफ पंचकूला की अध्यक्षता में होगी। प्रवक्ता ने बताया कि यह बैठक 23 अप्रैल को सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक होगी।

## खुंगाई गांव में कानूनी जागरूकता शिविर 29 को

**झज्जर**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अरविंद कुमार बंसल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गांव खुंगाई में आगामी 29 अप्रैल को सुबह नौ बजे कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेने का आहवान किया।

## श्री बुद्धोमाता मंदिर में कलश यात्रा एवं भंडारा 23 को

**झज्जर**। पूर्णिमा व हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कच्चा सुर्खपुर रोड स्थित प्राचीन श्रीबुद्धोमाता मंदिर में 23 अप्रैल को हवन यज्ञ, कलश यात्रा व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक समिति सदस्य रामअवतार गहलोत उर्फ दीपक ने बताया कि प्रातः सात बजे जहां हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा वहीं उसके बाद महिलाओं द्वारा करीब आठ बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जो शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से होते हुए वापिस मंदिर परिसर पहुंचेगी।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में भंडारा 23 को

**झज्जर**। शहर के मेन बाजार स्थित श्री प्राचीन हनुमान सेवा समिति की ओर श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 23 अप्रैल को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य ओमप्रकाश ने बताया कि श्री हनुमान मंदिर के साथ लगती पंजाबी धर्मशाला के शहीद मदनलाल ढींगरा हाल में भंडारे की व्यवस्था की गई है। प्रातः करीब ग्यारह बजे शुरू होने वाले इस जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़**। पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वितीय ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लाइनपार का रहने वाला है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बराही रोड पर खत्री प्रॉपर्टी के निकट एक युवक हथियार लेकर खड़ा है। इस सूचना पर टीम ने मौके पर जाकर उसे काबू किया। तलाशी के दौरान देशी पिस्तौल मिली। उसकी पहचान विनोद के रूप में हुई है।

### किसान और आढ़ती परेशान, अनाज मंडी में दिनभर बनी रहती जाम की स्थिति

# अनाज मंडी में गेहूं व सरसों की आवक जोरों पर, उठान कार्य नहीं पकड़ पा रहा गति

किसानों को गेट पास के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अनाज मंडी परिसर में गेहूं और सरसों की आवक जोरों पर है। लेकिन उठान कार्य गति नहीं पकड़ पा रहा है। जिसके कारण आढ़तियों और किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अनाज मंडी परिसर में दिनभर जाम की स्थिति भी बनी रहती है। उधर, किसानों को गेट पास के लिए भी घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों पर अब तक एक लाख 486 मीट्रिक टन गेहूं और 48586.79 मीट्रिक टन सरसों की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मंडियों से अभी तक 12 हजार 44 मीट्रिक टन गेहूं का उठान हो चुका है जबकि खरीद की गई 68.51 प्रतिशत सरसों उपज का उठान हो चुका है। मंडियों और खरीद केंद्रों पर निरंतर गेहूं आवक एकाएक बढ़ रही है। मंडियों व खरीद केंद्रों पर उपज बिक्री के लिए आने वाले किसानों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 26138 मीट्रिक टन, बादली अनाज मंडी में 6850 मीट्रिक टन, ढाकला अनाज मंडी में 2898 मीट्रिक टन, बेरी अनाज मंडी 24 हजार मीट्रिक टन, मातनहेल अनाज मंडी में 13 हजार 785 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 10 हजार 697 मीट्रिक टन, छारा खरीद केंद्र पर 11 हजार 90 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ अनाज मंडी पर 676 मीट्रिक टन तथा आसौदा खरीद केंद्र पर 4352 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है। इसके अलावा बहादुरगढ़ अनाज मंडी में 1486.48 मीट्रिक टन, बेरी अनाज मंडी में 4051.49 मीट्रिक टन, मातनहेल अनाज मंडी में 16 हजार 711.68 मीट्रिक टन, झज्जर अनाज मंडी में 18 हजार 346.95 मीट्रिक टन तथा ढाकला अनाज मंडी में 7990.19 मीट्रिक टन सरसों की आवक हुई। उन्होंने खरीद एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।



झज्जर। अनाज मंडी में गेहूं की फसल को बैग में भरते हुए श्रमिक। फोटो : हरभूमि



बहादुरगढ़। कंबाइन द्वारा गेहूं कटाई में जुटा किसान। फोटो : हरिभूमि

## कंबाइन से फसल कटवा रहे किसान

- जल्दबाजी में गेहूं की कटाई में कंबाइन मशीनों को प्राथमिकता देने लगे हैं किसान

**बहादुरगढ़**। खेती में तकनीक के उपयोग से एक तरफ जहां किसानों की आर्थिक हालत सुधरी है, वहीं मशीनों ने किसानों की कुछ परेशानियां भी बढ़ा दी हैं। अब अधिकतर किसान जल्दबाजी में गेहूं की कटाई में कंबाइन मशीनों को प्राथमिकता देने लगे हैं। अतीत में किसान पैरी के माध्यम से गेहूं अलग करता था। बाद में इसका स्थान थ्रेशर ने ले लिया।

बीते समय में गेहूं कटाई के लिए मजदूरों की जरूरत होती थी। लेकिन आज के बदलते समय में मजदूरों की भारी कमी कहिए या मजदूरों का गेहूं कटाई से मोह भंग होने के कारण थ्रेशर मशीनों का स्थान कंबाइन व रीपरों ने ले लिया है। गेहूं के सीजन में थ्रेशर बनाने एवं उनकी मरम्मत करने वाले मैकेनिकों को फुर्सत नहीं मिलती थी, लेकिन मैकेनिक हाथ पर हाथ रखे खाली बैठे हैं। किसान समय बचाने के चक्कर में गेहूं की फसल को काटने के लिए कंबाइनों का सहारा ले रहे हैं। इससे गेहूं में भारी नमी होती है, जो सरकारी खरीद एजेंसियों के पैमाने पर सही नहीं उतरती और किसानों को कई-कई दिनों तक मंडी में खरीदारों का इंतजार करना पड़ता है। जिस तरह से किसान कंबाइन से गेहूं की फसल कटवाने पर ध्यान दे रहे हैं। इससे भविष्य में पशुओं के सामने तूड़े का संकट पैदा होना भी स्वाभाविक है। जानकारों के अनुसार किसानों को चाहिए कि वे कंबाइन की बजाय थ्रेशर से तूड़ा बनवाने को प्राथमिकता दें।

# शेखर ने बांटे विजेताओं को पुरस्कार

- भारत पेट्रोलियम की ग्राहक इनामी योजना के विजेताओं को यादव फिलिंग स्टेशन ने पुरस्कार वितरित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भारत पेट्रोलियम की ग्राहक इनामी योजना के विजेताओं को यादव फिलिंग स्टेशन द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। यादव फिलिंग स्टेशन के संचालक शेखर यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। पहले पुरस्कार के विजेता लक्ष्मी प्रसाद महतो को वॉशिंग मशीन, दूसरे पुरस्कार के विजेता गोपाल को माइक्रोवेव ओवन व तीसरे पुरस्कार के विजेता सुनील कुमार को आयरन दी गई।

अन्य विजेता ग्राहकों को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। मैनेजर एसएल गुप्ता ने बताया कि यहां ग्राहकों को शुद्ध व पूरा पेट्रोल व डीजल उपलब्ध करवाया जाता है।




बहादुरगढ़। लक्ष्मी प्रसाद महतो को वॉशिंग मशीन भेंट करते शेखर यादव।

## मेंटेनेंस वर्क के कारण शहरी क्षेत्र में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**झज्जर**। शहर के 33 केवी ओल्ड पावर हाऊस से सिटी नंबर तीन, चार, सात फीडर, रेस्ट हाऊस फीडर व सिविल हॉस्पिटल फीडर पर शनिवार को मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके कारण सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक बिजली आपूर्ति व्यवस्था बंद रहेगी। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि मेंटेनेंस कार्य समाप्त होने उपरांत बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू कर दी जाएगी। बाधित रहने वाले क्षेत्र में आर्य नगर, सुभाष नगर, कोसली रोड, तहसील रोड, मॉडल टाउन, ग्वालिसन रोड रेस्ट हाऊस, भगत सिंह चौक, पुराने बस अड्डे के सामने बाजार, छिक्कारा चौक, धौड़ चौक, रोहतक रोड व महाराजा होटल के पीछे वाला क्षेत्र शामिल है।

# ब्रह्माकुमारियों ने दी नेहा को बधाई

- नेहा को ईश्वरीय सौगात भेंटकर और प्रभु प्रसाद देकर उनके भविष्य उज्जवल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सेक्टर-13 स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र से बीके रेनू बहन और बीके निधि बहन ने टाटा होम्स पहुंचकर यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली नेहा भगासर को बधाई दी। उनके अनुसार यह गौरव की बात है कि शहर के चार युवाओं ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण कर बहादुरगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने नेहा को ईश्वरीय सौगात भेंटकर और प्रभु प्रसाद देकर उनके भविष्य उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचारधारा व एकाग्रता ही सफलता का आधार है। इस मौके पर बृज किशोर शर्मा, बिजेंदर व रेखा ने भी नेहा व उनके परिजनों को हार्दिक बधाई दी।



बहादुरगढ़। नेहा को यूपीएससी उत्तीर्ण करने पर बधाई देती ब्रह्मकुमारियां।

## सीएम के आगमन के कारण बहादुरगढ़ में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**झज्जर**।जिलाधीश कैप्टन शक्ति सिंह ने 21 अप्रैल को मुख्यमंत्री हरियाणा के बहादुरगढ़ आगमन को लेकर धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था के चलते ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है।

यह पाबंदी कार्यस्थल और हैलीपेड से कार्यस्थल तक आवागमन के रास्ते पर और आस-पास के 500 मीटर के दायरे में लागू रहेगी।

उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति आदेशों के उल्लंघन में दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानून के प्रावधान के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# इनेलो ने जताया दुकानदारों का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- स्व. नफे सिंह राठी को न्याय दिलाने की मुहिम में बाजार बंद करके समर्थन दिया

इनेलो के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी को न्याय दिलवाने को लिए बाजार बंद के आह्वान को सफल बनाने के लिए इनेलो ने दुकानदारों व व्यापारियों का आभार जताया है। इनेलो नेताओं ने कहा कि पूर्व विधायक के हत्यारों व साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए उनके परिजनों व समर्थकों को सड़कों पर उतरना पड़ेगा। इनेलो हलका अध्यक्ष पप्पू कानोंदा, शहरी अध्यक्ष अनिल मदान, महिला जिलाध्यक्ष नीलम ढिल्लो, हलका अध्यक्ष सीमा दलाल और युवा शहरी अध्यक्ष अरुण गोयल ने व्यापारियों व दुकानदारों का आभार जताते हुए कहा कि स्व. नफे सिंह राठी को न्याय दिलाने की इस मुहिम में बाजार बंद करके उन्होंने भरपूर सहयोग व समर्थन दिया है। डेढ़ माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी पूर्व विधायक नफे सिंह राठी के हत्यारे व साजिशकर्ता पुलिस पकड़ से बाहर हैं। भाजपा सरकार व पुलिस प्रशासन इस मामले में लगातार ढिलाई बरत रहा है। स्व. नफे सिंह ने जीवन पर्यंत जनहित की समस्याओं व मुद्दों को उठाया और आम जनता के हकों की लड़ाई लड़ी। यही कारण है कि व्यापारियों व दुकानदारों ने न्याय की लड़ाई में स्व. नफे सिंह राठी के परिजनों व इनेलो का सहयोग किया। इसके लिए उनका परिवार आभारी रहेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि स्व. नफे सिंह राठी के हत्यारों व साजिशकर्ताओं को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाए।

# दीप्ति का सम्मान 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- बहादुरगढ़ में नजफगढ़ रोड पर स्थित हरदयाल स्कूल में भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ समारोह आयोजित करेगा

यूपीएससी में 39वीं रैंक हासिल करने वाली टिकरी कलां की बेटी दीप्ति रोहिल्ला के सम्मान में 21 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान न केवल दीप्ति, बल्कि परिवार का भी सम्मान होगा। वहीं बहादुरगढ़ में नजफगढ़ रोड पर स्थित हरदयाल स्कूल में दीप्ति के सम्मान में भारतीय रोहिल्ला राजपूत क्षत्रिय संघ समारोह आयोजित करेगा। यह जानकारी संघ के प्रधान सूबेदार इंद्र सिंह रोहिल्ला ने दी। दीप्ति का परिवार फिलहाल गुरुग्राम के मारुति कुंज में रहता है। टिकरी कलां में कार्यक्रम में पुरानी चौपाल, कल्याण पाना में किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के संघ के पदाधिकारी व गणमान्य मौजूद रहेंगे।

## कबलाना गांव के आश्रम से दानपात्र व चांदी के सिक्के चोरी

**झज्जर**। क्षेत्र के गांव कबलाना स्थित आश्रम में चांदी के सिक्के व दानराशि चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में कबलाना स्थित आश्रम के संचालक बाबा ज्योतिनाथ ने बताया कि वह बीती 15 अप्रैल को अपनी सेवक मंडली के साथ जहांगीरपुर गांव में आयोजित सत्संग में गया था। अगली सुबह जब आश्रम पहुंचा तो वहां रखा दानपात्र व कमरे में रखे चांदी के सिक्के चोरी हो चुके थे। बाबा ज्योतिनाथ के अनुसार जब उन्होंने अपने स्तर पर आश्रम में लगे सीसीटीवी की जांच कराई तो उसमें तीन संदिग्ध युवक मोटरसाइकिल पर आते हुए दिखाई देते हैं जो दानपात्र व चांदी के सिक्के चोरी कर ले गए। पुलिस ने बाबा ज्योतिनाथ की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी विश्वप्रकाश ने बताया कि शिकायत पर कार्यवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया गया है।

# महिलाओं को दिलाई मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर सीमा रानी ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया और उन्हें निष्पक्ष भाव से मतदान करने की शपथ दिलाई। महिलाओं को सी-विजिल एप के बारे में भी जानकारी दी गई। सुपरवाइजर सीमा रानी ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में वोट का बड़ा महत्व है। उन्होंने इस बीच महिलाओं को निष्पक्ष भाव से 25 मई को शत प्रतिशत व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, हेल्पर और अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



बहादुरगढ़। महिलाओं को मतदान के प्रति जागरुक करती सीमा रानी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

प्रतियोगिता | छारा राजकीय महाविद्यालय में निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग व लोगन लेखन प्रतियोगिता

लीगल लिट्रेसी सेल ने आयोजित की प्रतियोगिता

# निबंध में सिमरन, पोस्टर में भूपेंद्र और स्लोगन में संजना जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

छारा के राजकीय महाविद्यालय में लीगल लिट्रेसी सैल द्वारा स्टूडेंट्स लीगल लिट्रेसी मिशन के अंतर्गत निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को समाज में उनके व्यवहार को आधिकारिक तरीके से नियंत्रित करने के लिए तथा कानून के नियमों और अधिकारों के बारे में जागरूक करना था। छात्र-छात्राओं ने मानव अधिकार, मौलिक कर्तव्य, विकलांगों के अधिकार, निराश्रित महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, नशा मुक्ति, कन्या भ्रूण हत्या, स्वच्छता एवं सामान्य जागरूकता, घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा, दहेज निषेध, यौन उत्पीड़न, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, रैगिंग व वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार आदि विषयों पर भाव व्यक्त किए। निबंध लेखन प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, सुहाना ने द्वितीय और कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में भूपेंद्र ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और विजय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में संजना ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय और मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को कार्यवाहक प्राचार्य डॉ अनीता दलाल ने बधाई देते हुए जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। लीगल लिट्रेसी सैल के संयोजक डॉ जयंत ने सभी का धन्यवाद किया। मौके पर डॉ संजय देसवाल, डॉ मंजू देशवाल, देवेंद्र, मंजू मलिक, मोनिका, डॉ अश्वनी, डॉ मनोज, मोहित, ललिता और विजय आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के दौरान पोस्टर बनाती छारा कॉलेज की छात्राएं।

## तबीयत बिगड़ने से मौत

**बहादुरगढ़**। उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक की बहादुरगढ़ में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पेट में दर्द होने की पीड़ा पर वह अस्पताल में आया था और जान चली गई। परिजनों के बयान पर पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। मृतक की पहचान करीब 33 वर्षीय मुकेश के रूप में हुई है। मूलतः उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से था और यहां कुछ समय से बिहारी कॉलोनी में रहता था। वीरवार को उसे पेट में दर्द हुआ था। पीड़ा अधिक हुई तो परिजन उसे अस्पताल में लेकर आए। जहां ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस अस्पताल में आई और परिजनों के बयान लिए।